Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांक 18 / 06 / 2022

प्रकाशनार्थ

## प्रो. हरिशंकर स्मृति समारोह का आयोजन

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में आज विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रख्यात इतिहासकार प्रोफेसर हरिशंकर श्रीवास्तव की स्मृति समारोह का आरंभ हुआ। स्मृति समारोह की शुरुआत प्रोफेसर श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई ।इस अवसर पर इतिहास विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोसेसर एस .एन. आर रिजवी जो प्रोफेसर श्रीवास्तव की विद्यार्थी भी है ने स्मृति समारोह का उद्घाटन किया अपने संबोधन में प्रोफेसर रिजवी ने किसी छात्र छात्रा के जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यह बताया की इतिहास विभाग जो कुछ भी आज है वह प्रोफेसर श्रीवास्तव का बनाया हुआ है ऐसे विद्वान और सहज शिक्षक का सानिध्य पाना एक गौरव का विषय है उन्होंने हमेशा ही अपने विद्यार्थियों को सकारात्मक बने रहने का संदेश दिया और उनसे यह अपेक्षा की की वे इतिहास के पठन–पाठन को समृद्ध करें । इस अवसर पर सर रिचर्ड एटनबरो किक फिल्म महात्मा गांधी का प्रदर्शन भी किया गया। फिल्म का परिचय विभाग की शोध छात्रा सुश्री श्रेया श्रीवास्तव ने दिया और यह बताया कि 1982 में निर्मित यह फिल्म सात ऑस्कर पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है महात्मा गांधी इतिहास के पाठ्यक्रम का हिस्सा है और वह प्रोफेसर श्रीवास्तव कि पसंदीदा चरित्र है इसलिए हम यह फिल्म दिखा रहे हैं विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर चंद्रभूषण अंकुर ने अपनी श्रद्धांजलि में कहा की मैं प्रोफेसर श्रीवास्तव के विश्वविद्यालय जीवन का सबसे अंतिम वर्षों का शिष्य हूं और उन्हीं की प्रेरणा से इतिहास का शिक्षक बना । कार्यक्रम में विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर सुधाकर लाल श्रीवास्तव अनिल कुमार यादव एवं शोध छात्रों अनिल यादव प्रतिभा गुप्ता अमित शाइस्ता परवीन अनामिका अमित की सक्रिय भागीदारी थी।

Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur